# PATLIPUTRA UNIVERSITY
# PATNA-800020

E-mail:- patliputrauniversity2018@gmail.com
registrar@ppup.ac.in

Ref. No:- PPU/EST/284/2025 Date:- 08.08.2025

सेवा में,

प्रधानाचार्य/ प्रभारी प्राचार्य

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के अधीन सभी अंगीभूत महाविद्यालय |

विषय:- महाविद्यालय में कार्यरत शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की सेवा संपुष्टि हेतु आवेदन/ आलेख वि०वि० को उपलब्ध कराने के संबंध में |

महोदय/ महोदया,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि वैसे शिक्षक/ शिक्षकेत्तर कर्मचारी जिनकी सेवा संपुष्टि हेतु आवेदन वि०वि० को पूर्व में प्रेषित किया किया गया है, उनका अद्यतन CCR/ACR (सीलबंद लिफाफा में) पुनः प्रेषित किया जाए एवं वैसे नवनियुक्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी जिनकी सेवा 02 (दो) वर्ष या उससे अधिक हो गई है,जिनके आवेदन पूर्व में प्रेषित नहीं किये गए हैं, उनके सेवा से सम्बन्धी आलेख अभिप्रमाणित प्रति के साथ CCR/ACR (सीलबंद लिफाफा) एवं संबंधित कर्मी का प्रथम श्रेणी दंडाधिकारी द्वारा निर्गत शपथ-पत्र संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को **07 कार्य दिवस** के अन्दर अवश्य उपलब्ध कराया जाए | साथ ही वैसे शिक्षक/ शिक्षकेत्तर कर्मचारी जिन्होंने शैक्षणिक/ मातृत्व / अवैतनिक अवकाश का उपभोग किया है, उनके CCR/ACR के साथ पत्र की छाया प्रति अवश्य संलग्न करें |

इसे अति अवश्यक समझा जाए |

**शपथ पत्र हेतु निर्देश –**

- सेवा संबंधी आलेख की सत्यता |
- सेवा निरंतरता |
- किसी प्रकार का वाद/विभागीय कार्रवाई लंबित नहीं रहने से संबंधित |

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार

08.08.2025
( प्रो० एन० के० झा )
कुलसचिव
पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना

सूचनार्थ प्रेषित:-

1. माननीय कुलपति महोदय / कुलसचिव के निजी सचिव, पी. पी. यू. पटना |
2. संरक्षित संचिका |

08.08.25